विद्युत सेवा आयोग

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास), विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010

सार्वजनिक हित में सूचना

सावधान

सामान्य–जन को एतद्द्वारा व्यापक रूप से सूचित किया जाता है कि विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ द्वारा विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जाती है। संज्ञान में आया है कि कुछ अनैतिक व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा नियुक्ति प्रदान कराने हेतु उच्च अधिकारियों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्बन्धों एवं उनके नाम पर/निकटता का झूठा प्रलोभन देकर धन की उगाही किये जाने की सम्भावना है। इस प्रकार आम जनता एवं अभ्यर्थियों के साथ धोखा हो सकता है।

अतः सामान्य जन एवं अभ्यर्थियों को इस बात से आगाह किया जाता है कि किसी अनैतिक व्यक्ति के द्वारा नियुक्ति हेतु दिये गये झूठे प्रलोभन में न आयें एवं न ही किसी को धनराशि दें। आयोग द्वारा चयन की कार्यवाही निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचितापूर्ण तरीके से करायी जाती है।

कृपया ध्यान दें कि ऐसे लेन–देन के कारण होने वाली कोई भी हानि पूरी तरह से ऐसे धोखेबाजों/झूठे प्रलोभन देने वाले के साथ लेन–देन करने वाले व्यक्ति की स्वयं की जिम्मेदारी होगी। विद्युत सेवा आयोग इस तरह के लेन–देन से उत्पन्न किसी भी देयता के लिये भागीदार नही होगा।' विद्युत सेवा आयोग द्वारा चयन श्रेष्ठता के आधार पर निर्धारित चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर पारदर्शिता के साथ किया जाता है।

विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ द्वारा सार्वजनिक हित में जारी।

सचिव
विद्युत सेवा आयोग

कृपया उक्त बाक्स के बाहर का मैटर न छापें।

पत्रांकः 456 /विसेआ/नोटिस–2018 दिनांक : फरवरी 21 ,2018

ESCUPPCL ★ विद्युत सेवा आयोग ★ उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0 ★ सचिव 2018